# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 23.11.24 | 5 | 2-5 |

# देश की संस्कृति विश्व में सर्वोपरि : प्रो. काम्बोज

## एचएयू में विलुप्त होती लोक कलाओं पर कार्यक्रम आयोजित किया

**भास्कर न्यूज | हिसार**

चौधरी चरण सिंह एचएयू के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा संयुक्त रूप से विलुप्त होती लोक कलाओं पर आधारित लोक विरासत कार्यक्रम किया गया। वीसी प्रो. बीआर काम्बोज ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि हमारे देश की संस्कृति विश्व में सर्वोपरि है। प्राचीन संस्कृति एवं लोक कलाओं को सजीव रखने में लोक कलाकारों की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि विलुप्त होती लोक कलाओं को जीवित रखने के लिए इसका प्रचार-प्रसार करना अति आवश्यक है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इनके बारे में जानकारी उपलब्ध हो सके।



एचएयू कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज प्रतिभागियों के साथ।

लोक गाथा कार्यक्रम में हंसलाल एंड पार्टी के लोक कलाकारों ने श्रवण भगत, हीर रांझा तथा जुगनी के माध्यम से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। सारंगी ग्रुप में इंद्र लाम्बा एंड पार्टी के सदस्यों ने प्राचीन वाद्य यंत्रों के माध्यम से सारंगी की बेहतर प्रस्तुतियां दीं। राजकुमार एंड पार्टी के कलाकारों ने जोगी बीन की सदाबहार धुन पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मनीष जोशी एंड पार्टी ने साझी विरासत थीम पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया। सहायक प्रो. डॉ. संध्या शर्मा ने पिंगला भरथरी सांग की प्रस्तुति दी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 23.11.24 | 8 | 7-8 |

# विलुप्त होती लोक कलाओं पर कार्यक्रम आयोजित



हिसार स्थित हकृवि में शुक्रवार को प्रतिभागितयों के साथ कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज व अन्य। -हप्र

**हिसार (हप्र) :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा संयुक्त रूप से विलुप्त होती लोक कलाओं पर आधारित लोक विरासत कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि हमारे देश की संस्कृति विश्व में सर्वोपरि है। लोक गाथा कार्यक्रम में हंसलाल एंड पार्टी के लोक कलाकारों ने श्रवण भगत, हीर रांझा तथा जुगनी के माध्यम से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। सारंगी ग्रुप में इंद्र लांबा एंड पार्टी के सदस्यों ने प्राचीन वाद्य यंत्रों के माध्यम से सारंगी की बेहतर प्रस्तुतियां दी। राजकुमार एंड पार्टी के कलाकारों ने जोगी बीन की सदाबहार धुन पर आधारित अपना कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 23.11.24 | 8 | 7-8 |

## विलुप्त होती लोक कलाओं पर कार्यक्रम आयोजित



हिसार स्थित हकृवि में शुक्रवार को प्रतिभागितयों के साथ कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज व अन्य। -हप्र

**हिसार (हप्र) :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा संयुक्त रूप से विलुप्त होती लोक कलाओं पर आधारित लोक विरासत कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि हमारे देश की संस्कृति विश्व में सर्वोपरि है। लोक गाथा कार्यक्रम में हंसलाल एंड पार्टी के लोक कलाकारों ने श्रवण भगत, हीर रांझा तथा जुगनी के माध्यम से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। सारंगी ग्रुप में इंद्र लांबा एंड पार्टी के सदस्यों ने प्राचीन वाद्य यंत्रों के माध्यम से सारंगी की बेहतर प्रस्तुतियां दी। राजकुमार एंड पार्टी के कलाकारों ने जोगी बीन की सदाबहार धुन पर आधारित अपना कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 23-11-24 | 4 | 5-8 |

# हमारे देश की संस्कृति विश्व में सर्वोपरि : प्रो. बीआर काम्बोज

जागरण संवाददाता • हिसार: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं छात्र कल्याण निदेशालय की तरफ से संयुक्त रूप से विलुप्त होती लोक कलाओं पर आधारित लोक विरासत कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्यातिथि कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि हमारे देश की संस्कृति विश्व में सर्वोपरि है। प्राचीन संस्कृति एवं लोक कलाओं को सजीव रखने में लोक कलाकारों की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि विलुप्त होती लोक कलाओं को जीवित रखने के लिए इसका प्रचार-प्रसार करना अति आवश्यक है ताकि अधिक से अधिक लोगों को इनके बारे में जानकारी उपलब्ध हो सके। लोक विरासत कार्यक्रम में कलाकारों की तरफ से प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों की उन्होंने प्रशंसा की।



हकृवि के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज लोक विरासत कार्यक्रम में प्रतिभागियों के साथ।

लोक गाथा कार्यक्रम में हंसलाल एंड पार्टी के लोक कलाकारों ने श्रवण भगत, हीर रांझा तथा जुगनी के माध्यम से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। सारंगी ग्रुप में इंद्र लाम्बा एंड पार्टी के सदस्यों ने प्राचीन वाद्य यंत्रों के माध्यम से सारंगी की बेहतर प्रस्तुतियां दी। राजकुमार एंड पार्टी के कलाकारों ने जोगी बीन की सदाबहार धुन पर आधारित अपना कार्यक्रम प्रस्तुत किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मनीष जोशी एंड पार्टी ने अपनी साझी विरासत थीम पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया।

सहायक प्रोफेसर डा. संध्या शर्मा ने पिंगला भरथरी सांग की प्रस्तुति देकर युवाओं को सांग के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। गौरतलब है कि डा. संध्या शर्मा हरियाणा की महिला कलाकार हैं जो सांग का प्रचार-प्रसार एवं इसे प्रोत्साहित करने में अहम भूमिका निभा रही हैं। कार्यक्रम में लोक कलाकारों ने ग्रुप डांस और फाक डांस से संस्कृति और लोक कलाओं का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया। छात्र कल्याण निदेशक डा. मदन खीचड़ ने सभी का स्वागत किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 23.11.24 | 2 | 2-5 |

# हकृवि में विलुप्त होती लोक कलाओं पर कार्यक्रम आयोजित




*सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती लोक कलाकार।*

हिसार, 22 नवम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा संयुक्त रूप से विलुप्त होती लोक कलाओं पर आधारित लोक विरासत कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमारे देश की संस्कृति विश्व में सर्वोपरि है। प्राचीन संस्कृति एवं लोक कलाओं को सजीव रखने में लोक कलाकारों की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि विलुप्त होती लोक कलाओं को जीवित रखने के लिए इसका प्रचार-प्रसार करना अति आवश्यक है ताकि अधिक से अधिक लोगों को इनके बारे में जानकारी उपलब्ध हो सके।

लोक गाथा कार्यक्रम में हंसलाल एंड पार्टी के लोक कलाकारों ने श्रवण भगत, हीर रांझा तथा जुगनी के माध्यम से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। सारंगी ग्रुप में इंद्र लाम्बा एंड पार्टी के सदस्यों ने प्राचीन वाद्य यंत्रों के माध्यम से सारंगी की बेहतर प्रस्तुतियां दी। राजकुमार एंड पार्टी के कलाकारों ने जोगी बीन की सदाबहार धुन पर आधारित अपना कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मनीष जोशी एंड पार्टी ने अपनी साझी विरासत थीम पर आधारित नाटक प्रस्तुत किया। सहायक प्रो. डॉ. संध्या शर्मा ने पिंगला भरथरी सांग की प्रस्तुति देकर युवाओं को सांग के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने सभी का स्वागत करते हुए हरियाणवी संस्कृति एवं लोक कलाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। मंच संचालन डॉ. जतेश काठपालिया ने किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 23.11.24 | 5 | 3-6 |

# हमारे देश की संस्कृति विश्व में सर्वोपरि : प्रो. बी.आर. काम्बोज

## हकृवि में विलुप्त होती लोक कलाओं पर कार्यक्रम आयोजित

हिसार, 22 नवम्बर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा संयुक्त रूप से विलुप्त होती लोक कलाओं पर आधारित लोक विरासत कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे देश की संस्कृति विश्व में सर्वोपरि है। प्राचीन संस्कृति एवं लोक कलाओं को सजीव रखने में लोक कलाकारों की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि विलुप्त होती लोक कलाओं को जीवित रखने के लिए इसका प्रचार-प्रसार करना अति आवश्यक है ताकि अधिक से अधिक लोगों को इनके बारे में जानकारी उपलब्ध हो सके। लोक



विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज प्रतिभागियों के साथ।

विरासत कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यकर्मों की उन्होंने भरपूर प्रशंसा की। लोक गाथा कार्यक्रम में हंसलाल एंड पार्टी के लोक कलाकारों ने श्रवण भगत, हीर रांझा तथा जुगनी के माध्यम से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। सारंगी ग्रुप में इंद्र लाम्बा एंड पार्टी के सदस्यों ने प्राचीन वाद्य यंत्रों के माध्यम से सारंगी की बेहतर प्रस्तुतियां दी। राजकुमार एंड पार्टी के कलाकारों ने जोगी बीन की सदाबहार धुन पर आधारित अपना कार्यक्रम प्रस्तुत किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मनीष जोशी एंड पार्टी ने अपनी साझी विरासत थीम पर आधारित नाटक प्रस्तुत करके दशकों से वाही-वाही लूटी। सहायक प्रो. डॉ. संध्या शर्मा ने पिंगला भरथरी सांग की प्रस्तुति देकर युवाओं को सांग के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। गौरतलब है कि डॉ. संध्या शर्मा हरियाणा प्रदेश की एकमात्र महिला कलाकार हैं जो सांग का प्रचार-प्रसार एवं इसे प्रोत्साहित करने में अह्म भूमिका निभा रही हैं। कार्यक्रम में लोक कलाकारों ने ग्रुप डांस और फॉक डांस के माध्यम से संस्कृति और लोक कलाओं का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने सभी का स्वागत करते हुए हरियाणवी संस्कृति एवं लोक कलाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। मंच संचालन डॉ जतेश काठपालिया ने किया। उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला के कार्यक्रम अधिकारी राजेश बक्शी ने धन्यवाद प्रस्ताव के माध्यम से बताया कि भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा मंडल स्तर पर विलुप्त होती लोक कलाओं का प्रचार एवं प्रसार करने के लिए देश भर में कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसके तहत हरियाणा में अम्बाला, करनाल तथा हिसार में कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, शिक्षक, गैर शिक्षक कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 23.11.24 | 5 | 7-8 |

# कलाकारों ने विलुप्त होती लोक कलाओं को जिंदा रखने का दिया संदेश




एचएयू में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देतीं छात्राएं। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा संयुक्त रूप से विलुप्त होती लोक कलाओं पर आधारित लोक विरासत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने कहा कि हमारे देश की संस्कृति विश्व में सर्वोपरि है। प्राचीन संस्कृति एवं लोक कलाओं को सजीव रखने में लोक कलाकारों की अहम भूमिका है। विलुप्त होती लोक कलाओं को जीवित रखने के लिए प्रचार-प्रसार करना आवश्यक है।

लोक गाथा कार्यक्रम में हंसलाल एंड पार्टी के लोक कलाकारों ने श्रवण भगत, हीर रांझा व जुगनी के माध्यम से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। सारंगी ग्रुप में इंद्र लांबा एंड पार्टी के सदस्यों ने प्राचीन वाद्य यंत्रों के माध्यम से सारंगी की बेहतर प्रस्तुतियां दीं। राजकुमार एंड पार्टी के कलाकारों ने जोगी बीन की सदाबहार धुन पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मनीष जोशी एंड पार्टी ने अपनी साझी विरासत थीम पर वाही-वाही लूटी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 21.11.2024 | -- | -- |

# विलुप्त होती लोक कलाओं पर हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

## हमारे देश की संस्कृति विश्व में सर्वोपरिः प्रो. बी.आर. काम्बोज



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते लोक कलाकार।

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा संयुक्त रूप से विलुप्त होती लोक कलाओं पर आधारित लोक विरासत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि हमारे देश की संस्कृति विश्व में सर्वोपरि है। प्राचीन संस्कृति एवं लोक कलाओं को सजीव रखने में लोक कलाकारों की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि विलुप्त होती लोक कलाओं को जीवित रखने के लिए इसका प्रचार-प्रसार करना अति आवश्यक है ताकि अधिक से अधिक लोगों को इनके बारे में जानकारी उपलब्ध हो सके। लोक विरासत कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों की प्रशंसा की।

लोक गाथा कार्यक्रम में हंसलाल एंड पार्टी के लोक कलाकारों ने श्रवण भगत, हीर रांझा तथा जुगनी के माध्यम से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। सारंगी ग्रुप में इंद्र लाम्बा एंड पार्टी के सदस्यों ने प्राचीन वाद्य यंत्रों के माध्यम से सारंगी की बेहतर प्रस्तुतियां दी। राजकुमार एंड पार्टी के कलाकारों ने जोगी बीन की सदाबहार धुन पर आधारित अपना कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में लोक कलाकारों ने ग्रुप डांस और फॉक डांस के माध्यम से संस्कृति और लोक कलाओं का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने सभी का स्वागत करते हुए हरियाणवी संस्कृति एवं लोक कलाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। मंच संचालन डॉ जतेश काठपालिया ने किया। उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला के कार्यक्रम अधिकारी राजेश बक्शी ने बताया कि भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा मंडल स्तर पर विलुप्त होती लोक कलाओं का प्रचार एवं प्रसार करने के लिए देश भर में कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसके तहत हरियाणा में अम्बाला,करनाल तथा हिसार में कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं।

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 23.11.24 | 2 | 4-5 |

# एचएयू एनसीसी यूनिट ने पौधरोपण कर राष्ट्रीय एनसीसी दिवस मनाया

## पेड़-पौधों का मानव जीवन में विशेष महत्त्व



**भास्कर न्यूज** | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट ने गांव सरसौद में पौधरोपण कर राष्ट्रीय एनसीसी दिवस मनाया। विवि के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खिचड़ ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि पेड़-पौधों का मानव जीवन में विशेष महत्व है। पौधरोपण करके ही हम पर्यावरण को स्वच्छ रख सकते हैं। दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे पर्यावरण प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए बारिश के मौसम में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाने चाहिए। पेड़-पौधों से एक और जहां इमारती लकड़ी मिलती है वहीं दूसरी ओर औषधियां बनाने के भी काम आते हैं। उन्होंने कहा कि पौधरोपण करने के बाद उनकी देखभाल करना भी बहुत जरूरी है। अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव ने सामुदायिक विज्ञान कॉलेज में दाखिले की प्रक्रिया के साथ-साथ विभिन्न विभागों की कार्यशैली के बारे में जानकारी दी। एनसीसी अधिकारी डॉ. उर्वशी नांदल के मार्गदर्शन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में एनसीसी कैडेट्स द्वारा विभिन्न प्रजातियों के छायादार पौधे लगाए गए। प्राचार्य स्नेहलता, अध्यापक, विद्यार्थी, अभिभावक और एनसीसी कैडेट्स मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 23.11.24 | 2 | 4-5 |

# एचएयू एनसीसी यूनिट ने पौधरोपण कर राष्ट्रीय एनसीसी दिवस मनाया

## पेड़-पौधों का मानव जीवन में विशेष महत्त्व



**भास्कर न्यूज** | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट ने गांव सरसौद में पौधरोपण कर राष्ट्रीय एनसीसी दिवस मनाया। विवि के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खिचड़ ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि पेड़-पौधों का मानव जीवन में विशेष महत्व है। पौधरोपण करके ही हम पर्यावरण को स्वच्छ रख सकते हैं। दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे पर्यावरण प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए बारिश के मौसम में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाने चाहिए। पेड़-पौधों से एक और जहां इमारती लकड़ी मिलती है वहीं दूसरी ओर औषधियां बनाने के भी काम आते हैं। उन्होंने कहा कि पौधरोपण करने के बाद उनकी देखभाल करना भी बहुत जरूरी है। अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव ने सामुदायिक विज्ञान कॉलेज में दाखिले की प्रक्रिया के साथ-साथ विभिन्न विभागों की कार्यशैली के बारे में जानकारी दी। एनसीसी अधिकारी डॉ. उर्वशी नांदल के मार्गदर्शन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में एनसीसी कैडेट्स द्वारा विभिन्न प्रजातियों के छायादार पौधे लगाए गए। प्राचार्य स्नेहलता, अध्यापक, विद्यार्थी, अभिभावक और एनसीसी कैडेट्स मौजूद रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 23.11.24 | 12 | 2-3 |


# पर्यावरण प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए पौधरोपण जरूरी : डॉ. मदन

हरिभूमि न्यूज ⏩ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने कहा है कि पेड़-पौधों का मानव जीवन में विशेष महत्व है। पौधरोपण करके ही हम पर्यावरण को स्वच्छ रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे पर्यावरण प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए बारिश के मौसम में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित करने चाहिए। डॉ. खीचड़ शुक्रवार को एचएयू के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट द्वारा गांव सरसौद में पौधरोपण करके मनाए गए राष्ट्रीय एनसीसी दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधों से एक और जहां इमारती लकड़ी मिलती है वहीं दूसरी और औषधियां बनाने के भी काम आते हैं। अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव ने सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में दाखिले की प्रक्रिया के साथ-साथ विभिन्न विभागों की कार्यशैली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एनसीसी अधिकारी डॉ. उर्वशी नांदल के मार्गदर्शन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजन हुआ।



हिसार। कार्यक्रम के मुख्यातिथि एनसीसी कैडेटस के साथ। फोटो : हरिभूमि

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 23.11.24 | 5 | 1-2 |



कार्यक्रम के मुख्यातिथि एनसीसी कैडेट्स के साथ।

## पौधारोपण करके राष्ट्रीय एनसीसी दिवस मनाया

हिसार, 22 नवम्बर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट द्वारा गांव सरसौद में पौधारोपण कर राष्ट्रीय एनसीसी दिवस मनाया गया। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खिचड़ ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। डॉ. मदन खिचड़ ने अपने सम्बोधन में कहा कि पेड़- पौधों का मानव जीवन में विशेष महत्व है। पौधारोपण करके ही हम पर्यावरण को स्वच्छ रख सकते हैं। दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे पर्यावरण प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए बारिश के मौसम में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित करने चाहिए। पेड़-पौधों से एक और जहां इमारती लकड़ी मिलती है वहीं दूसरी और औषधियां बनाने के भी काम आते हैं। उन्होंने कहा कि पौधारोपण करने के पश्चात उनकी देखभाल करना भी बहुत जरूरी है। अधिष्ठाता डॉ बीना यादव ने सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में दाखिले की प्रक्रिया के साथ-साथ विभिन्न विभागों की कार्यशैली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एनसीसी अधिकारी डॉ. उर्वशी नांदल के मार्गदर्शन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में एनसीसी कैडेट्स द्वारा विभिन्न प्रजातियों के छायादार पौधे लगाए गए। सरपंच प्रदीप भ्याण ने एनसीसी कैडेट्स का धन्यवाद करते हुए आगामी कार्यक्रमों में पूरा सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्य स्नेहलता, अध्यापक, विद्यार्थी, अभिभावक और एनसीसी कैडेट्स मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 23.11.24 | 4 | 1-2 |

## गांव सरसौद में राष्ट्रीय एनसीसी दिवस मनाया



हकृवि के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट ने गांव सरसौद में मनाया राष्ट्रीय एनसीसी दिवस।

**जासं • हिसार**: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की एनसीसी यूनिट की तरफ से गांव सरसौद में पौधारोपण कर राष्ट्रीय एनसीसी दिवस मनाया। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डा. मदन खीचड़ ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। डा. मदन खीचड़ ने कहा कि पेड़- पौधों का मानव जीवन में विशेष महत्व है। एनसीसी अधिकारी डा. उर्वशी नांदल के मार्गदर्शन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में एनसीसी कैडेट्स की तरफ से विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। सरपंच प्रदीप भ्याण ने एनसीसी कैडेट्स का धन्यवाद किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 23-11-24 | 2 | 4-6 |

# पौधारोपण करके मनाया राष्ट्रीय एन.सी.सी. दिवस



पौधारोपण करते मुख्यातिथि।

हिसार, 22 नवम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की एन.सी.सी. यूनिट द्वारा गांव सरसौद में पौधारोपण कर राष्ट्रीय एन.सी.सी. दिवस मनाया गया। विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खिचड़ ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

डॉ. मदन खिचड़ ने अपने सम्बोधन में कहा कि पेड़- पौधों का मानव जीवन में विशेष महत्व है। पौधारोपण करके ही हम पर्यावरण को स्वच्छ रख सकते हैं।

दिन- प्रतिदिन बढ़ते जा रहे पर्यावरण प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए बारिश के मौसम में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित करने चाहिए। पेड़-पौधों से एक और जहां इमारती लकड़ी मिलती है, वहीं दूसरी और औषधियां बनाने के भी काम आते हैं। उन्होंने कहा कि पौधारोपण करने के पश्चात उनकी देखभाल करना भी बहुत जरूरी है।

इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्य स्नेहलता, अध्यापक, विद्यार्थी, अभिभावक और एन.सी.सी. कैडेट्स मौजूद रहे।